आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. आयुष मंत्रालय आज 11वां आयुर्वेद दिवस मना रहा है। श्री विजयपुरम में भी आयुष हेल्थ मेला के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।
2. उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल प्रधानमंत्री से मुलाकात कर द्वीप समूह में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं पर चर्चा की।
3. केंद्र शासित प्रदेशों और राज्यों ने नागर विमानन मंत्रालय के साथ उड़ान योजना के अन्तर्गत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
4. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद सचिव, ने समुद्र तट पर सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए।

<><><><><><><>

आयुष मंत्रालय आज महाराष्ट्र के नागपुर में 'बेहतर कल के लिए आयुर्वेद' थीम पर 11वां आयुर्वेद दिवस मनाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि भारत और विश्व भर में आयुर्वेद संस्थान और इससे जुड़े लोग इससे जुड़े समारोहों में भाग लेंगे। मंत्रालय ने बताया कि ये समारोह आयुर्वेद के परिवेश से जुड़े प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाएंगे और ज्ञान के आदान–प्रदान तथा व्यापक जुड़ाव के लिए मंच प्रदान करेंगे।

<><><><><><><>

इस बीच, 11वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आज आयुष हेल्थ मेला का आयोजन किया जा रहा है। 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित इस हेल्थ मेले का आयोजन आयुष अस्पताल परिसर, में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर और आम जनता के लिए भी स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आयुर्वेद दिवस एवं राष्ट्रीय पोषण माह से संबंधित लघु प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। साथ ही, कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए पोषण एवं स्वस्थ आहार की थीम पर रेसिपी प्रतियोगिता रखी गई है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के बाद, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक के दौरान, अंडमान निकोबार द्वीप समूह में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं पर चर्चा हुई, जो प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत @ 2047' के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

<><><><><><><>

हिंदी पखवाड़ा के हिस्से के रूप में, आज श्री विजयपुरम मुख्यालय क्षेत्र के विभिन्न कॉलेज छात्रों के लिए सुबह 10 बजे राजभाषा विभाग के हिंदी टंकण प्रशिक्षण केंद्र में स्वरचित हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस मनाएगा। इस सिलसिले में राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में शाम चार बजे से आगंतुकों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत कल गाराचरमा फार्म, में किसानों के लिए 'एकीकृत कृषि प्रणालियों में प्राकृतिक खेती' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य

एकीकृत कृषि प्रणालियों के तहत प्राकृतिक खेती पद्धतियों को अपनाने के लिए किसानों के व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी कौशल को बढ़ाना था। यह कार्यक्रम क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में पोषक तत्व प्रबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कृषि व जैविक संसाधनों के पुनर्चक्रण और बाहरी कृषि इनपुट पर निर्भरता कम करने की प्रासंगिकता पर विशेष बल दिया गया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने हाल ही में बुढ़ा नाला का औचक दौरा किया। उनके साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी और पंचायती राज संस्थान के सदस्य शामिल थे। उपायुक्त और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं तथा विकासात्मक आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की।

<><><><><><><>

केंद्र शासित प्रदेशों और 21 राज्यों ने कल नई दिल्ली में नागर विमानन मंत्रालय के साथ उड़े देश का आम नागरिक–उड़ान योजना के अन्तर्गत अगले चरण के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि उड़ान योजना को अगले दस वर्ष के लिए बढ़ाए जाने के बाद सरकार का लक्ष्य देश में एक सौ नए हवाई अड्डे और दो सौ आधुनिक हेलीपैड विकसित करना है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद सचिव, ने हाल ही में वार्ड संख्या 6, 7 और 9 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद, वार्ड संख्या 7 के प्रेम नगर में स्थित समुद्र तट और दाह संस्कार स्थल के पास स्वच्छता और तटीय सफाई अभियान चलाने के सख्त निर्देश जारी किए गए। नगरपालिका परिषद द्वारा समुद्र तट पर पड़े क्षतिग्रस्त और अनुपयोगी नावों को हटाया जाएगा। इसके अलावा सभी नाव मालिकों को पोत के कबाड़ को तुरंत साफ करने, सभी परिचालन योग्य मछली पकड़ने वाली नावों को सफाई अभियान शुरू होने से पहले तट से कम से कम 20 मीटर दूर स्थानांतरित करने और अस्थायी संरचनाओं को हटाने का भी निर्देश दिया गया।

<><><><><><><>

रजत जयंती समारोह के हिस्से के रूप में, आईएनएचएस धन्वंतरि और स्टेशन स्वास्थ्य संगठन की ओर से बाराटांग में बहु–विशेषज्ञता चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन सर्जन कमांडर प्रशांत पांडा, सीएसओ द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन चीफ ऑफ स्टाफ, ने किया। शिविर में मेडिसिन, स्त्री रोग, बाल रोग, नेत्र विज्ञान, ईएनटी, सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, रेडियोलॉजी और दंत चिकित्सा के विशेषज्ञों ने लाभार्थियों की चिकित्सा जांच की। यह शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाराटांग और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसके अलावा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाराटांग के छात्रों के लिए संवादात्मक सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें किशोर स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वस्थ जीवन शैली के अभ्यासों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल स्कूल में लड़कों और लड़कियों के लिए आयोजित सात दिवसीय अंतर–विद्यालय शतरंज, योग और टेबल टेनिस प्रतियोगिता का कल समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। समापन अवसर पर विजेता टीमों को पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

यूटी आत्मा के तहत पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने दक्षिण अंडमान के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय किसानों के लाभ के लिए प्रदर्शन कार्यक्रमों के आयोजन किए। हाल ही में नमुनाघर में आयोजित कार्यकम में वैज्ञानिक मुर्गी पालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। इसी प्रकार हाबडीपुर में भी हरा चारा संरक्षण पर प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान पशुधन पोषण और फार्म प्रबंधन से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के समाचार को अधिकांश समाचार पत्रों में जगह मिली है। **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद सचिव द्वारा समुद्र तट एवं शमशान घाट क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान के निर्देश देने के समाचार को अखबार के मध्य में प्रकाशित किया है। **इंफो इंडिया** ने आर के मिशन द्वारा अंडमान लॉ कॉलेज में युवा सम्मेलन आयोजित करने के समाचार को, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने महिला क्रिकेट टीम द्वारा भारत के लिए पहला स्वर्ण जीतने के समाचार को अपने खेल कृष्ठ में जगह दी है।

<><><><><><><>